मिशन सरोकार 2026

समय – 1 घण्टा 30 मिनट　　　　द्वितीय ईकाई टेस्ट　　विषय – राजनीति विज्ञान　　पुर्णांक – 40

**खण्ड – 'अ'**

प्रश्न 1. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए – (1x5 = 5)

(i) निम्न में से परम्परागत सुरक्षा नीति का तत्व है –
(अ) अवरोध (ब) गठबंधन बनाना (स) शक्ति संतुलन (द) उपर्युक्त सभी

(ii) निम्न मे से सैन्य शक्ति का आधार क्या है ?
(अ) आर्थिक एवं राजनीतिक (ब) आर्थिक एव प्रोद्योगिकी (स) सामाजिक एवं प्रोद्योगिकी (द) राजनीतिक एवं प्रोद्योगिकी

(iii) भारत में वैश्वीकरण के प्रतिरोध में किसकी भूमिका रही है ?
(अ) वामपंथी (ब) ओद्यौगिक श्रमिक (स) इण्डियन सोसल फोरम (द) उपर्युक्त सभी

(iv) मैक्डोनाल्डीकरण में कौनसा प्रभाव शामिल है ?
(अ) राजनीतिक प्रभाव (ब) सांस्कृतिक प्रभाव (स) आर्थिक प्रभाव (द) वैधानिक प्रभाव

(v) सी0एन0एन0 (CNN) किस देश का समाचार चैनल है ?
(अ) ब्रिटेन (ब) भारत (स) अमेरिका (द) रूस

प्रश्न 2.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×4 = 4)

(i) लीग ऑफ नेशंस के उतराधिकारी के रूप में ...................... की स्थापना हुई।

(ii) संयुक्त राष्ट्र संघ के नौवे महासचिव ................................ है।

(iii) वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक 2001 में ......................... देश मे हुई थी।

(iv) बर्गर अथवा नीली जीन्स का सम्बंध ..................... देश से है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में लिखिए – (1×2 = 2)

(i) भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में कब शामिल हुआ?

(ii) संयुक्त राष्ट्र संघ का वह कौनसा अंग है जिसके सदस्य सभी देश होते है?

**खण्ड – 'ब'**

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में दीजिए – (2×6 = 12)

प्रश्न 4. भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के समर्थन में दो तर्क दीजिए।
प्रश्न 5. संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रक्रिया व ढांचे में सुधार के समर्थन में अपने तर्क दीजिए।
प्रश्न 6. रूस–युक्रेन युद्ध में UNO की क्या भूमिका रही?
प्रश्न 7. वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए भारत को अपनी चुनौती का सामना कैसे करना चाहिए?
प्रश्न 8. वैश्विक सम्पदा या मानवता की साझी विरासत क्या है? उदाहरण दीजिए।
प्रश्न 9. क्योटो प्रोटोकॉल से आप क्या समझते है?

**खण्ड – 'स'**

- दीर्घ उतरीय प्रश्न – (3×3 = 9)

प्रश्न 10. विश्व स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के विषय में भारत द्वारा किए गये प्रयासों पर प्रकाश डालिए।
अथवा
साझी परन्तु अलग अलग जिम्मेदारियों से क्या अभिप्राय है? समझाइये।

प्रश्न 11. पृथ्वी सम्मेलन क्या था? क्या ऐसे सम्मेलनों से विश्व लाभान्वित होता है?
अथवा
संसाधनों की भू राजनीति को विस्तारपूर्वक समझाइये।

प्रश्न 12 भारत में वैश्वीकरण का विरोध किन आधारों पर हो रहा है ? तर्क दीजिए।
अथवा
वैश्वीकरण के राजनैतिक प्रभाव क्या है? समझाइये।

**खण्ड – 'द'**

- निबंधात्मक प्रश्न – (4×2 = 8)

प्रश्न 13 सुरक्षा का अर्थ बताते हुए पारम्परिक व अपारम्परिक धारणा की विवेचना कीजिए।
अथवा
सुरक्षा के पारम्परिक तरीके कौन कौनसे है? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 14 भारत की सुरक्षा रणनीति को विस्तार से समझाईये।
अथवा
खतरे के नये स्रोत कौन कौनसे है? वर्णन कीजिए।